





# सीप नदी के अवदान पर व्याख्यानमाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अतंर्गत श्योपुर जिले की जीवन रेखा मानी जाने वाली सीप नदी के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्योपुर के तत्वावधान में पीएम श्री महाविद्यालय श्योपुर में च्च्सीप नदी के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवदानज्ज विषय पर व्याख्यान माला आयोजित की गई।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी तथा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि सीप नदी के किनारे एक अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध सभ्यता एवं संस्कृति के दर्शन होते है, इस नदी के किनारे स्थित प्राचीन मंदिरों, किले, गढियों से इसकी प्राचीन एवं पुरातन सभ्यता का रेखाकंन होता है।



नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने सीप नदी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि इसके किनारे स्थित घाट और मंदिर हमारी धार्मिक संस्कृति का महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने अपने बाल्यकाल की स्मृति सांझा करते हुए बताया कि वे अपने दादाजी के साथ नदी पर स्नान आदि के लिए जाते थे, हम सभी का कर्तव्य है कि हम इस धरोहर का संरक्षण करें और सीप नदी को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभायें।

समाजसेवी एवं सीप पदयात्री कैलाश पाराशर ने सीप नदी की सभ्यता का विस्तार से वर्णन करते हुए सीप नदी के उद्गम स्थल पनवाडा से लेकर संगम तक की यात्रा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रोफेसर डॉ सीमा चौकसे ने कहा कि सभी धर्मावलम्बीयों के लिए अपने पर्वो और संस्कारो का महत्वपूर्ण स्थान है। यह सांप्रदायिक सौहार्द और सदभावना की मिशाल है, यहां पंडित घाट, करबला घाट, बोहरा समुदाय का घाट, जति घाट, रेगर घाट, गिर्राज घाट, बंजारा डैम आदि बने हुए है, जिन पर विभिन्न आयोजन सतत् रूप से परम्परा अनुसार जारी है।

इस अवसर पर जयपुर से आये सेवा निवृत्त भू-गर्भ वैज्ञानिक अमित कुमार शर्मा ने कहा कि जल का महत्व क्या है, इसे समझने के लिए राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों की जानकारी आवश्यक है, जहां व्यक्ति जल की एक-एक बूंद को सहेजता है, श्योपुर जिला सौभाग्यशाली है कि यहां सीप, पार्वती, चंबल, क्वारी जैसी नदियां है। महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जय सिंह जादौन ने बताया कि सीप नदी के जल से हजारो, एकडो भूमि सिंचित होती है, साथ ही इस नदी से हमारे क्षेत्र का भू-जल स्तर भी अच्छा है। इस अवसर पर उन्होंने सीप नदी के किनारे बसे ग्रामों में सीप संरक्षण हेतु सामाजिक समितियां बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। शासकीय पीएमश्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि सीप नदी के किनारे नगर एवं गांव में कृषि तथा उद्योगों के माध्यम से समृद्धता है। उन्होंने सीप नदी के संरक्षण के लिए सभी से सहयोग की अपील भी की। सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश तिवारी द्वारा भी सीप संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के अंत में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा चौकसे ने तथा आभार प्रदर्शन सीप पदयात्री आदित्य चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर विपिन बिहारी शर्मा, मनरेगा पीओ विक्रम जाट, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, नगरपालिका उपयंत्री पवन गर्ग सहित प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहें।

### विजेताओं को मिले पुरस्कार

व्याख्यान माला के दौरान जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्योपुर के तत्वाधान में पूर्व में आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किये गये। श्योपुर की जीवन रेखा सीप नदी विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में ईश्वर वैष्णव को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रूपये, लवकुश बैरवा को द्वितीय स्थान के लिए 1500 रूपये एवं तृतीय स्थान के लिए कोमल बैरवा को 1100 रूपये की नकद राशि भेंट की गई। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम आयुवर्ग में प्रथम स्थान के लिए कु. नाविका खंडेलवाल को 1500 रूपये की पुरस्कार राशि भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जयपुर से आये सेवा निवृत्त भू-गर्भ वैज्ञानिक श्री शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

# कृषि विभाग की टीम ने किया ग्रामों का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग की टीम द्वारा उप संचालक कृषि श्रजीके पचौरिया के नेतृत्व में ग्राम सोईकलां, चिमलका, ददूनी, मेवाडा, मानपुर, बहरावदा, बगदिया, दांतरदा, बिचपुरी, बिठलपुर, ज्वाड आदि ग्रामों का भ्रमण कर फसलों की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम में एसएडीओ शरद रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश बंसल एवं नान सिंह किराड़े आदि उपस्थित रहे।

कृषि विभाग की टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर फसलों की स्थिति का आंकलन किया गया तथा ग्रामीणों से चर्चा की गई।

### श्रमिकों के लिए पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित

**श्योपुर, 5 अप्रैल।** श्रमायुक्त कार्यालय इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत राज्य के श्रमिकों के लिए परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई हैं। यह वेतन दर एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 तक प्रभावशील रहेगी, जिसके तहत अब 26 दिवस एवं प्रतिदिन 8 घंटे कार्य दिवस के मान से अकुशल श्रमिक के लिए 12 हजार 425 रूपए प्रतिमाह एवं 478 रूपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक के लिए 13 हजार 421 रूपए प्रतिमाह एवं 516 रूपए प्रतिदिन, कुशल श्रमिक के लिए 15 हजार 144 रूपए प्रतिमाह एवं 582 रूपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक के लिए 16 हजार 769 प्रतिमाह एवं 645 रूपए प्रतिदिन की दर निर्धारित की गई है।

## एक नजर में

### बीमित किसान 72 घंटे के भीतर दर्ज कराएं फसल क्षति की सूचना

**श्योपुर, 5 अप्रैल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26रबी मौसम में जिन कृषकों के द्वारा जिले में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। ऐसे बीमित कृषकों की रबी2025-26में ओलावृष्टि अथवा अतिवर्षा से फसलों में क्षति हुई है। वह कृषक भाई ए.आई.सी. बीमा कंपनी भोपाल के टोल फ्री नं. 14447 पर अपनी शिकायत 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि इसके अलावा स्थानीय स्तर पर ए.आई.सी. के जिला प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार अटल मो. 8269713620 एवं तहसील स्तर पर तहसील श्योपुर अंतर्गत राम भजन गुर्जर मो. 7898762091, तहसील कराहल अंतर्गत सत्यप्रकाश मो. 9098445563, तहसील विजयपुर अंतर्गत प्रेमसिंह धाकड़ मो. 7828290382, तहसील बडौदा अंतर्गत रामभजन मीणा।

### थाने पर रिपोर्ट करने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. विकाश पुत्र ओमप्रकाश शाक्य उम्र 34 साल नि. बौध्द बिहार कॉलोनी पुलिस लाईन रोड़ ने रिपोर्ट की कि दि. 03.04.26 के 13.00 बजे स्थान फरि. का घर पर आरोपी रेखा नरवरिया पत्नी विकाश शाक्य नि. सदर द्वारा आरोपिया से थाने पर रिपोर्ट करने की बात को लेकर फरि. को मां बहन की गंदी गंदी गालिया दी मारपीट कर चोट पहुंचाई। दि. 03.04.26 के 15.51 बजे अप. क्र. 104/26 धारा 115 (2), 296 (बी) बीएनएस कायम कर लिया है।

### इलाज के दौरान एक की मौत

**श्योपुर।** थाना मानपुर मर्ग सूक. सुनील पुत्र भैरोसिंह रजक उम्र 47 साल नि. टेकनपुर ग्वा. ने बताया कि दि. 12.03.26 के 09.41 बजे स्थान आईटीएम कॉलेज झांसी रोड़ ग्वालयिर पर मृतक तेजपाल पुत्र वकील रावत उम्र 24 साल नि. घूघस थाना वीरपुर मृत्यु एक्सीडेन्ट में आई चोटो के कारण दौराने ईलाज हो गई। दि. 03.04.26 के 12.02 बजे अप. क्र. 08/26 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।

### शराब पीकर दहेज की मांग करने पर मारपीट

**श्योपुर।** थाना ढोढर दहेज प्रताडना फरिया. कमला देवी पत्नि राकेश उम्र 26 साल 24.03.26 के 15.00 बजे फरिया. का ओढ उर्फपोला ओढ़ पुत्र साथीराम ओढ़ नि. गांधीनगर ने रिपोर्ट की कि दि. ससुराल गांधी नगर पर आरोपी सुनील नि. गांधीनगर फरिया से शराब पीकर दहेज की मांग करने के ऊपर से मां बहन की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 03.04.26 14.21 बजे अप.क्र. 28/26 धारा के 85,115(2),296(बी) बीएनएस 3(4) दहेज प्रतिशेष अधि. कायम कर लिया है।

### 11 लीटर कच्ची शराब जप्त

**श्योपुर।** थाना सेसईपुरा 11 ली. हा.भ. कच्ची शराब पकड़ी - आरोपी रामसिंह पुत्र मुन्ना आदि. उम्र 27 साल नि. मोरावन को दि. 03.04.26 के 17.40 बजे स्थान ग्राम मोरावन के कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 11 ली. कीमती 1100/- रू. जप्त की। दि. 03.04.26 के 18.51 बजे अप. क्र. 07/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।

### नहर में डूबने से एक की मौत

**श्योपुर।** थाना रघुनाथपुर मर्ग सू.क. राकेश पुत्र विजयसिंह बंजारा उम्र 22 साल नि महुआमार ने बताया कि दि. 11.03.26 के 17.00 बजे स्थान महुआमार साल नि. महुआ चंबल की मृत्यु चंबल नहर पर मृतक रेखा पत्नी राकेश उम्र 21 नहर में फिसलकर डूबने से हो गयी। दि. 03.04.26 के 17.14 बजे मर्ग क्र. 0226 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।



### भाजपा स्थापना दिवस ऐतिहासिक बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**सबलगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाने हेतु सबलगढ़ विधानसभा की एक बैठक कलंगी रिसॉर्ट में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता एवं क्षेत्रीय विधायक सरला बृजेंद्र रावत द्वारा सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती कार्यक्रमों की रूप रेखा तथा स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने पर विचार विमर्श किया गया बैठक में भाजपा सरकार द्वारा जन हितैषी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने पर भी कार्यकर्ताओं से कहा गया बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र मरैया विधानसभा प्रभारी अखिलेश सिंह जादौन नगरपालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ जनपद अध्यक्ष सुनीता अतर सिंह रावत नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद जादौन टेटरा मंडल अध्यक्ष सोनेराम रावत रामपुर मंडल अध्यक्ष पप्पन यादव नेपरी मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र धाकड़ भवानी सिंह जादौन अजब सिंह सिकरवार अवधेश गोयल दर्शन सोनी रूबी धानुक शिवदयाल शांडिल्य रामप्रताप सिंह जादौन कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजेश गौड़ द्वारा किया गया।

## बिना किसी कारण की मारपीट

**श्योपुर, 5 अप्रैल।** थाना बड़ौदा मारपीट फरि. आनंदलाल पुत्र नवला आदिवासी उम्र 55 साल नि. प्यारीपुरा थाना बड़ौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 03.04.26 के 17.00 बजे स्थान फरि के घर के सामने ग्राम प्यारीपुरा पर आरोपी राजकुमार आदिवासी नि. अचरावर किशनगंज बारा राजस्थान ने फरि को बिना किसी कारण मां बहन की गंदी - गंदी गालियां दी डंडे से मारपीट की जिससे सिर में चोट पहुंचाई और खून निकल आया। दि. 04.04.26 के 16.28 बजे अप.क्र. 69/26 धारा 115 (2). 296 (ए).351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

# विजयपुर महाविद्यालय में 'जल है तो कल है' कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 5 अप्रैल।** श्योपुर जिले के विजयपुर स्थित शासकीय महाविद्यालय में आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को 'जल है तो कल है' विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जल संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जल संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठक डॉ. बकील सिंह कौशल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकिता कमाले एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी 'जल है तो कल है' विषय पर प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. मनोज कुमार भारद्वाज ने जल की उपयोगिता, उसके संरक्षण के उपायों तथा भविष्य में जल संकट से बचने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आदित्य सक्सैना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस खबर को प्रमुखता से लेकर दैनिक आदित्य एक्सप्रेस अखबार के लिए तडकती भडकती लोकप्रीय और मनमोहक खबर विस्तार से तैयार करें।





# मानपुर एवं श्योपुर के विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में गत शनिवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन द्वारा विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने एवं अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है तथा निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उनकी व्यक्तिगत प्रगति पर विशेष ध्यान दें तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अन्य स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने से, फांसी लगाकर की आत्महत्या

**श्योपुर, 5 अप्रैल।** थाना कराहल दहेज प्रताड़ना फरि चिरौंजी पुत्र रतन लाल कुशवाह उम्र 55 साल नि.उधमपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 01.04.25 के 15.00 से 15.03.26 के 08.00 बजे स्थान सेमरा गांव तरफउधमपुरा गांव से आधा किलोमीटर की दूरी पर आरोपी सेम्पल पुत्र चिरोंजी उर्फ चिरौंजीलाल कुशवाह उम्र 22 साल नि. उधमपुरा ने आरोपी पति द्वारा अपनी पत्नी रामदुलारी को दहेज हेतु प्रताड़ित करने से उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मर्ग क्र. 05/26 पर से अपराध कायम किया गया (मृतिका रामदुलारी आदिवासी उम्र 20 साल नि. सदर)। दि. 04.04.26 के 20.01 बजे अप.क्र. 25/26 धारा 80 (2).85 बीएनएस 1/2 दहेज एक्ट कायम कर लिया है।

# शहर के वार्ड क्रमांक 2 में प्याऊ की स्थापना




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक नेहा सिंह के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सेक्टर श्योपुर में नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान द्वारा तिलक मार्ग वार्ड 2 में दाऊ दयाल जी मंदिर परिसर में जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना कर शुभारंभ किया गया।

च्च्जल शक्ति से नव भक्तिज्ज पहल के अंतर्गत वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर ओम प्रकाश टकसाली द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर जल मंदिर का शुभारंभ किया गया एवं जल संरक्षण विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि वर्तमान समय में जल का कोई विकल्प नहीं हे इसलिए जल संरक्षण का प्रयास हमे मिलकर करना होगा अनावश्यक पानी ना बहाए, नलों में टोटियां लगाए, तालाबों नदियों में कचरा ना डाले तभी पानी के संरक्षण का प्रयास सफल होगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था सचिव भास्कराचार्य टकसाली, श्रीमती सुमित्रा बाई आदि उपस्थित थे।

## गाय चराने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर, 05 अप्रैल।** थाना बरगवां मारपीट फरि. रमेश पुत्र स्व. मनफूल आदिवासी उम्र 50 साल नि. ग्राम पहाड़ी थाना बरगवां ने रिपोर्ट की कि दि. 04.04.26 के 07.30 बजे स्थान हेमंत श्रीवास्तव का खेत ग्राम पहाडी पर आरोपीगण, बेरू मारवाडी गुर्जर, बर्धा मारवाडी गुर्जर नि.गण चितारा थाना बरगवां ने फरि को खेत में गाय चराने की बात को लेकर मां बहन की गंदी गंदी जातिसूचक गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 04.04.26 के 13.35 बजे अप.क्र. 19/26 धारा 115(2),296 (ए),351 (3) 3 (5) बीएनएस, 3(1)द. 3 (1)ध,3 (2) व्हीए एससी/एसटी एक्ट कायम कर लिया है।


**Chief Medical and Health Officer, Bhind M.P.**
**Government of Madhya Pradesh**
**TENDER DOCUMENT (Non-Transferable)**
**FOR**
**COOKED FOOD SUPPLY DURING THE YEAR 2026-27**

Date of Commencement of Sale of Tender Document : 08 April 2026 15:00 hrs.
Last Date for Sale of Tender Document : 28 April 2026 till 17:00 Hrs
Last Date and Time for Receipt of Tender : 28 April 2026 till 17:00 Hrs
Place of Submission of Tender : Office of the Chief Medical & Health Officer, District- Bhind M.P.
Pre-bid meeting date/time & place : 21 April 2026 at 15:00 Hrs
Time and Date of Opening of Technical Tender : 30 April 2026 at 15:00 Hrs.
Place of Opening of Price Tender : Office of the Chief Medical & Health Officer District- Bhind M.P.
Cost of the Tender Document : Rs. 500/- (Five Hundreds only)

**G-11122/26** **Chief Medical & Health Officer**
**Bhind M.P.**